दैनिक विश्वमित्र
1915 - 2022
107 वर्ष

FOR BOOKING
ADVERTISEMENT

# नोपानी हाई स्कूल में कार्यक्रम



**कोलकाता, 22 फरवरी (नि.प्र.)।** कोलकाता के प्रसिद्ध नोपानी हाई स्कूल में 22 फरवरी 2025 को नन्हे मुन्नों की प्रारंभिक शिक्षा संवारने के लिए किया गया आयोजन- NOPANINOS का उदघाटन समारोह आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत सिंगापुर की प्रसिद्ध TOONDEMY के साथ मिलकर नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के लिए उत्तम पढ़ाई की व्यवस्था शुरू की जा रही है । जिसके द्वारा बच्चों को रोचक ढंग से तथा कौशल विकसित करने के लिए मददगार 'क्रियाकलापों के साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा सके। इस शिक्षा प्रबंधन व्यवस्था का एक अहम हिस्सा बच्चों के अभिभावकों को एक ऐसा मोबाइल एप्लीकेशन मुहैया कराना था, जिसकी मदद से वे घर बैठे बच्चों की पढ़ाई तथा उनके विकास और मुल्यांकन का अवलोकन कर सकें। इस ऐप से बच्चों को स्वयं घर में भी पढाई करने की और कार्टून इत्यादि के माध्यम से पढ़ाई को बेहतर ढंग से समझने का मौका मिलेगा । NOpaNinos के उदघाटन समारोह में शहर के प्रसिद्ध व्यक्तित्व - डॉक्टर सुजय चक्रवर्ती, डॉक्टर गार्गी दास गुप्ता, श्रीमान राजू बाबू गुप्ता, श्रीमती मीमी दास, श्रीमती मल्लिका बनर्जी, श्रीमती देवजानी बसु, को आमंत्रित किया गया। जिन्होंने अपने क्षेत्र में अहम योगदान दिया है। दीप प्रज्वलितकर अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य महोदय के ज्ञानवर्धक भाषण से अभिभावक और बच्चे लाभान्वित हुए।